आज दिनांक–09.11.2020 (सोमवार) प्राचार्य कक्ष में पूर्वाह्न 11.00 बजे संपन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की बैठक में निम्न बिन्दुओं के संदर्भ में आवश्यक विचार–विमर्श एवं निर्णय लिया गया :–

1. उपस्थिति :– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

क्र.सं.	नाम	स्थानीय प्रबंधन समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	डॉ0 संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	अध्यक्ष	उपस्थित
2	श्री विंध्याचल पाण्डेय, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
3	डॉ0 अनुरंजन झा, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
4	श्री रौशन कुमार बक्शी, प्रशासनिक पदाधिकारी, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित

02. कार्यसूची की मद संख्या–01 : बैठक में उपस्थित प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि COVID-19 लॉकडाउन के तहत संस्कृत विषय में मात्र एक ही शिक्षक होने के कारण एकेडमिक कोर कमिटी, नेतरहाट विद्यालय समिति के सदस्य, सह गुरुनानक सिनीयर सकेन्ड्री स्कूल, रांची के प्राचार्य, श्री मनोहर लाल के परामर्श के अनुसार श्रीमती रेणु सिंह, जो संप्रति लोयला कॉन्वेंट स्कूल, रांची में कार्यरत हैं से ऑनलाइन कक्षा ली गयी है। तिथिवार ली गई कक्षाओं की सूची को बैठक में प्रस्तुत किया गया। तद्नुसार, पाया गया कि दिनांक–29.09.2020 से 31.10.2020 तक नौवी कक्षा के कुल 24 कक्षाएँ तथा दसवीं कक्षा के कुल–24 कक्षाएँ ली गई हैं। प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा दिए गए प्रस्ताव के आलोक में PGT शिक्षकों को प्रति कक्षा रूपये–309/–(तीन सौ नौ मात्र) तथा TGT शिक्षकों को प्रति कक्षा रूपये–291/–(दो सौ एकानबे मात्र) मानदेय दिए जाने का प्रस्ताव दिया गया है, चूँकि श्रीमती रेणु सिंह वर्तमान में TGT शिक्षक के पद पर कार्यरत है। अतएव, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रीमती रेणु सिंह को TGT के आधार पर अर्थात रूपये–291/– की दर से मानदेय राशि का भुगतान किया जा सकता है।

03. कार्यसूची की मद संख्या–02 : विद्यालय में कुछेक आवश्यक सिविल कार्यो के कार्यान्वयन हेतु प्राचार्य द्वारा सदस्यों को ध्यान आकृष्ट कराया गया। तद्नुसार, निर्णय लिया गया कि तत्काल इस निमित एक पत्र कार्यापालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार को प्रेषित कर दी जाय। तकनीकी स्वीकृति के उपरांत इसकी प्रशासनिक स्वीकृति विभाग से या तो समिति से प्राप्त कर ली जायेगी।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

09/11/20   9/11/20   09/11/20

(रौशन कु0 बक्शी)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

(डॉ0 अनुरंजन झा)
सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति

(विंध्याचल पाण्डेय)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

09/11/2020
(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति